प्रेरणा
जब लोग अनपढ़ थे तो परिवार एक हुआ करते थे,
मैंने टूटे परिवारों में अक्सर पढ़े - लिखे लोग देखे हैं।

सच कहने की ताकत
साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 16 JUNE TO 22 JUNE 2023 • VOLUME 47 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING DESIGN TRAINING
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges & *Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD


E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply

# गुजरात के तट से टकराया चक्रवात तेज हवा के साथ भारी बारिश

## अलर्ट मोड पर सेना, नौसेना और एनडीआरएफ की टीमें

**अहमदाबाद.** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को कहा कि चक्रवात बिपारजॉय ने गुजरात में दस्तक देना शुरू कर दिया है और यह प्रक्रिया आधी रात तक जारी रहेगी। स्थिति से निपटने के लिए सेना, नौसेना और एनडीआरएफ की कई टीमों को अलर्ट पर रखा गया है। एक लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। चक्रवात 'बिपरजॉय' के मद्देनजर एक लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। आईएमडी महानिदेशक डॉ मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि फिलहाल यह 115–125 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रहा है। कच्छ, सौराष्ट्र में लैंडफॉल शुरू हो गया है। सौराष्ट्र, कच्छ में भारी बारिश हो रही है, आगे और तेज बारिश की संभावना है। मध्य रात्रि तक लैंडफॉल जारी रहेगा।



इससे पहले आईएमडी, गुजरात की वैज्ञानिक मनोरमा मोहंती ने कहा कि चक्रवात बिपरजॉय फिलहाल जखाऊ पोर्ट से 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रहा है। यह उत्तर पूर्व की ओर बढ़ते हुए कच्छ, सौराष्ट्र को पार करने वाला है। इसकी रफ्तार 115–125 किमी प्रति घंटा होने वाली है। शाम से मध्य रात्रि तक लैंडफॉल जारी रहेगा। द्वारका में चक्रवात बिपरजॉय के प्रभाव से टाटा केमिकल्स के पास सड़क पर एक शेड गिर गया। एनडीआरएफ की टीम मौके पर मौजूद है। जामनगर में चक्रवात बिपरजॉय का प्रभाव देखने को मिल रहा है। तटीय क्षेत्रों पर ऊंची लहरें उठ रहीं हैं।आईएमडी ने कहा कि चक्रवात अत्यधिक भारी वर्षा लाएगा और 'खगोलीय ज्वार' पैदा होने के चलते 2–3 मीटर ऊंची लहरें उठ सकती हैं, जिसके चलते चक्रवात के टकराने के दौरान कच्छ, देवभूमि द्वारका, पोरबंदर, जामनगर और मोरबी जिलों के निचले इलाकों में बाढ़ की आशंका है।

**द्वारकाधीश मंदिर श्रद्धालुओं के लिए बंद :** गुजरात के प्राचीन द्वारकाधीश मंदिर को चक्रवात 'बिपारजॉय' के मद्देनजर दर्शनार्थियों के लिए बृहस्पतिवार कोबंद कर दिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। द्वारकाधीश मंदिर समूह अपने बाहरी परिसर के साथ भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के तहत एक संरक्षित स्थल है। देवभूमि द्वारका जिले की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, द्वारका में मुख्य मंदिर को 'जगत मंदिर' या 'त्रिलोक सुंदर' के रूप में जाना जाता है।

# सुखबीर बादल ने 'पागल' कहा तो सीएम मान ने भी दिया करारा जवाब



**चंडीगढ़.** मुख्यमंत्री भगवंत मान और पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रमुख नवजोत सिद्धू के एक-दूसरे पर निशाना साधने के कुछ दिनों बाद एक वायरल वीडियो में पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल ने मान को पागल कहा है। गुरुवार को मान और आम आदमी पार्टी (आप) दोनों ने बादल पर पलटवार किया। बादल राज्य के पूर्व मुख्यमंत्रियों को याद करते हुए ये कहते नजर आ रहे हैं कि जब से पंजाब का पुनर्गठन हुआ है, तब से अलग-अलग सरकारों के दौरान कई मुख्यमंत्री बने हैं। अब सुखबीर बादल का वीडियो सामने आने के बाद भगवंत मान ने पलटवार किया है। मान ने ट्विटर पर कहा कि कोई बात नहीं सुखबीर जी, प्रकृति मेरे साथ है, पंजाब के लोग मेरे साथ हैं। कम से कम यह पागल तो तुम्हारी तरह पंजाब को नहीं लूटता।

# 7 जिलों में धान की बिजाई आज से

***धान के सीज़न दौरान किसानों को नियमित बिजली स्पलाई दी जायेगी: भगवंत मान***

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब सरकार सूबे भर में धान की सुचारू ढंग के साथ बिजाई को यकीनी बनाने के लिए किसानों को निर्विघ्न बिजली मुहैया करवाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

यहाँ जारी एक बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि सूबा सरकार ने पिछले साल की तरह सूबे भर में धान की बिजाई पड़ावार शुरू करने का फ़ैसला किया है। उन्होंने बताया कि सूबे के कुछ हिस्सों में धान की बिजाई 10 जून से शुरू हो चुकी है, जबकि बाकी हिस्से अगले पड़ावों अधीन 16, 19 और 21 जून को कवर किये जाएंगे। भगवंत मान ने कहा कि इस बिजाई प्रक्रिया को प्रभावशाली ढंग के साथ लागू करने के लिए सूबे को चार ज़ोनों में बाँटा गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले पड़ाव अधीन सरहद पर कँटीली तार से पार के क्षेत्रों में यह लगवाई 10 जून से शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि कल भाव 16 जून से दूसरे पड़ाव अधीन सात जिलों फिरोज़पुर, फरीदकोट, पठानकोट, श्री फतेहगढ़ साहिब, गुरदासपुर, एस. बी. एस. नगर और तरनतारन के लिए निर्विघ्न बिजली स्पलाई यकीनी बनाई जायेगी।। भगवंत मान ने बताया कि तीसरे पड़ाव अधीन सात जिलों रूपनगर, एस. ए. एस. नगर, कपूरथला, लुधियाना, फाजिल्का, बठिंडा और अमृतसर में 19 जून से धान की फ़सल लगना शुरू हो जायेगी, जबकि बाकी नौ जिलों पटियाला, जालंधर, मोगा, श्री मुक्तसर साहिब, होशियारपुर, संगरूर, मलेरकोटला, बरनाला और मानसा में धान की लगवाई 21 जून से शुरू होगी।

धान के सीज़न दौरान किसानों को निर्विघ्न बिजली मुहैया करवाने के लिए सूबा सरकार की दृढ़ वचनबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के लिए कम से-कम आठ घंटे नियमित बिजली स्पलाई हर हाल में यकीनी बनाई जायेगी। उन्होंने कहा कि इस संबंधी पुख़्ता प्रबंध किये गए हैं और इस नेक कार्य के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जायेगी। भगवंत मान ने कहा कि पिछले साल की तरह धान के सीज़न दौरान किसानों को पानी की नियमित स्पलाई मिलेगी।

# सरकार ने पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप पोर्टल खोला

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को मौका प्रदान करने के उद्देश्य से पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप योजना अधीन लंबित मामलों की तस्दीक करने के लिए सरकार की तरफ से डा. अंबेडकर स्कॉलरशिप पोर्टल खोलने का फ़ैसला किया गया है, जिसमें शैक्षिक संस्थाएं संशोधन उपरांत मुकम्मल केस ( नए और रिन्यू) परवानगी अथारटी को 20 जून 2023 तक भेज सकती है। ज़िला भलाई अधिकारी रजिन्दर सिंह ने बताया कि परवानगी अथारिटी के लिए स्कॉलरशिप के लिए लाईन विभागों/ प्रवानगी देने वाले विभागों को आनलाइन तजवीज़ भेजने के लिए आखिरी तारीख़ 23 जून, 2023 है।

इसी तरह लाईन विभागों/ प्रवानगी देने वाले विभागों के लिए स्कालरशिप के लिए भलाई विभाग को आनलाइन प्रस्ताव भेजने की आखिरी तारीख़ 27 जून, 2023 है। इसके लिए सभी शैक्षिक संस्थाओं को अपने लंबित मामलों का निपटारा 20 जून, 2023 तक यकीनी बनाना होगा। ज़िला भलाई अधिकारी ने यह भी बताया कि सरकार की तरफ से पोर्टल को खोलने का फ़ैसला किया गया है जिससे संबंधित संस्थान ऐसे लंबित मामलों को समय- सीमा अनुसार तस्दीक या आगे भेज सकें।

# हमने किसी के साथ कोई धक्का नहीं किया, न करना चाहते हैं : सरबजीत कौर माणुके

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और जगरांव से विधायक सरबजीत कौर माणुंके ने विवादित कोठी से संबंधित अपने उपर लगे सभी आरोपों का सिलसिलेवार तरीके से जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि 2017 में विधायक बनने के बाद से हमने आज तक किसी के साथ कभी भी कोई धक्का नहीं किया और न ही ऐसा करना चाहते हैं। हमारी पार्टी का यह संस्कार नहीं है। वीरवार को चंडीगढ़ पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विधायक माणुंके ने कहा कि छह साल से ज्यादा समय से विधायक रहने के बावजूद मेरे और मेरे पति के पास कोई प्रॉपर्टी नहीं है। हम पिछले कई सालों से किराए के मकान में ही रहते हैं। वह कोठी भी मैंने किराए पर ही ली थी। जिसका हमारे पास रेंट एग्रीमेंट भी है और हमने उसका हर महीने किराए भी दिए।



जब मुझे वह एनआरआई मकान मालिक की तरफ से कोठी खाली करने को कहा गया तो मैंने कहा कि मुझे नई कोठी खोजने और शिफ्ट करने में एक-डेढ़ महीने का वक्त लगेगा, लेकिन वह जल्दीबाजी करने लगें। विवाद हुआ तो मैंने उस कोठी को जल्दी खाली करना उचित समझा। अभी कुछ दिन पहले मैंने जगरांव के ही रॉयल कॉलोनी में नया मकान किराए पर ले लिया है, जहां हम शिफ्ट भी हो चुके हैं। मैंने उस कोठी की चाभी भी वापस कर दी है। अब मेरा किसी भी विवादित कोठी से कोई नाता नहीं है।

# फ़र्ज़ी दस्तावेज़ तैयार करने के दोष अधीन पटवारी काबू

## राजेश कुमार निवासी पंजे के उताड़ ने की थी शिकायत

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो द्वारा साल 2016 में 2500 रुपए रिश्वत लेने और इंतकाल की जमाबन्दी सम्बन्धी फ़र्ज़ी दस्तावेज़ तैयार करने के दोष अधीन सेवामुक्त पटवारी को गिरफ़्तार किया गया है। उक्त पटवारी की पहचान इकबाल सिंह के तौर पर हुई है, जो फाजिल्का जिले के राजस्व हलका सिटी जलालाबाद, ज़िला फाजिल्का में तैनात था।

विजीलैंस ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने बताया कि सेवामुक्त पटवारी इकबाल सिंह को राजेश कुमार निवासी पंजे के उताड़, ज़िला फ़िरोज़पुर की शिकायत पर गिरफ़्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता राजेश कुमार ने थाना विजीलैंस ब्यूरो, फ़िरोज़पुर रेंज में शिकायत दर्ज करवाई थी कि पटवारी इकबाल सिंह ने 4 मरले के प्लॉट, जिसकी उस (शिकायतकर्ता) ने अपनी माता कृपा रानी से ट्रांसफर डीड के द्वारा रजिस्टरी करवाई थी, का इंतकाल दर्ज करवाने के एवज में 2500 रुपए रिश्वत ली थी। जब शिकायतकर्ता ने उक्त प्लॉट पर एक बैंक से कर्ज़ लेने के लिए जमाबन्दी की कॉपी दी तो उसे बैंक अधिकारियों से पता लगा कि प्लॉट के दस्तावेज़ जाली हैं। प्रवक्ता ने बताया कि इस शिकायत की प्राथमिक जांच के उपरांत विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने यह दस्तावेज़ मोहाली स्थित फोरेंसिक साईंस लैबारटरी में पड़ताल के लिए भेजे तो पता लगा कि उक्त पटवारी ने शिकायतकर्ता राजेश कुमार को जाली 'नकल दस्तावेज़' जारी किये थे। इस सम्बन्धी उक्त पटवारी के ख़िलाफ़ थाना विजीलैंस, फ़िरोज़पुर रेंज में भ्रष्टाचार रोकथाम एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज कर किया गया है और इस मामले की आगे जांच जारी है।

# पंजाब के 35 बैडमिंटन खिलाड़ी हैदराबाद रवाना

## ज्वाला गुटा अकादमी आफ एक्सीलेंस में हासिल करेंगे विशेष प्रशिक्षण: मीत हेयर

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब के खिलाडिय़ों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए तैयार करने के लिए बेहतर मंच मुहैया करवाने के लक्ष्य के अंतर्गत पंजाब के 35 बैडमिंटन खिलाड़ी ज्वाला गुटा अकैडमी आफ एक्सीलेंस में एक महीने के लिए विशेष प्रशिक्षण हासिल करने के लिए आज हैदराबाद के लिए रवाना हुए।

खेल विभाग के मुख्य कार्यालय हाकी ओलम्पियन बलबीर सिंह सीनियर अंतरराष्ट्रीय हाकी स्टेडियम से रवाना हुए खिलाडिय़ों में अंडर 9 से 16 तक 18 लड़कियाँ और 17 लडक़े शामिल हैं। इनके साथ पंजाब के दो बैडमिंटन प्रशिक्षक भी रवाना हुए।



खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने हैदराबाद के लिए रवाना हुए खिलाडिय़ों को शुभकामनाएं देते कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान का नेतृत्व वाली सरकार पंजाब को खेल में देश का नंबर एक सूबा बनाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के अंतर्गत पंजाब में खेल माहौल पैदा किया जा रहा है।

हैदराबाद देश में बैडमिंटन खेल का केंद्र है जहां पंजाब के खिलाडिय़ों को भेजने का उदेश्य बड़ा मंच मुहैया करवाना है। यह कैंप पंजाब सरकार के प्रयासों के कारण पहली बार लगाया जा रहा है जिसका संपूर्ण ख़र्च खेल विभाग की तरफ से उठाया जा रहा है। इस कैंप में खिलाडिय़ों को एक महीने के लिए भारतीय बैडमिंटन प्रशिक्षक मुहम्मद आरिफ और ज्वाला गुटा की तरफ से कोचिंग दी जायेगी।

# सभी राशन डिपूओं पर विस्तृत जानकारी दर्शाते बैनर लगाने ज़रूरी

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

लाभपात्रियों को अनाज के वितरण पर लगाई गई कटौती, राशन कार्डों को शामिल करने/ हटाने के लिए पोर्टल पर रोक और राशन कार्डों की जांच के लिए सर्वेक्षण करवाने संबंधी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए पंजाब राज्य खाद्य कमीशन (पीएसएफसी) के चेयरमैन डीपी रेड्डी और सदस्यों ने ख़ुराक, सिविल स्पलाई और खपतकार मामले विभाग के सीनियर आधिकारियों के साथ मीटिंग की। सैक्टर 39 स्थित आनाज भवन में हुई मीटिंग दौरान चेयरमैन ने इस बात पर ज़ोर दिया कि सूबे के सभी राशन डिपूओं पर कमीशन के हेल्पलाइन नंबर के इलावा अलग- अलग अधिकारों, वैबसाईट, शिकायतों के पोर्टल को दर्शाते हुए और बेहतर शिकायत निवारण विधि दर्शाते बैनर लगाये जाने चाहिएं। विभाग के डायरैक्टर घनश्याम थोरी ने बताया कि ई- पोज़ और तोल मशीनें की खरीद के लिए टैंडर जारी कर दिए गए हैं। टैंडरों को अंतिम रूप देने उपरांत, प्रत्येक डीपू होल्डर को ई- पोज और तोल मशीनें प्रदान की जाएंगी।

इस मौके दूसरे के इलावा ख़ुराक, सिवल स्पलाई और खपतकार मामले विभाग के सचिव गुरकिरत किरपाल सिंह और विभाग के ओर अधिकारी भी उपस्थित थे।

## बृजभूषण के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

# दिल्ली पुलिस ने की पोक्सो मामला रद्द करने की सिफारिश

**नई दिल्ली.** दिल्ली पुलिस ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पोक्सो के तहत लगा गए आरोपों को रद्द करने की सिफारिश की लेकिन यौन उत्पीड़न और पीछा करने के आरोपों को लेकर बृहस्पतिवार को उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया। सरकार ने ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक, ओलंपियन विनेश फोगाट समेत प्रदर्शन कर रहे पहलवानों को आश्वासन दिया था कि मामले में 15 जून तक आरोपपत्र दाखिल कर दिया जाएगा, जिसके बाद उन्होंने आंदोलन स्थगित कर दिया था।




पुलिस ने नाबालिग पहलवान द्वारा बृजभूषण के खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायत को रद्द करने की सिफारिश करते हुए कहा कि ' कोई पुख्ता सबूत नहीं' मिले। दिल्ली पुलिस की जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) सुमन नालवा ने एक बयान में बताया कि पॉक्सो मामले में शिकायतकर्ता यानी नाबालिग के पिता तथा स्वयं लड़की के बयानों के आधार पर मामले को रद्द करने का अनुरोध करने वाली रिपोर्ट दाखिल की गई।


# साफ-सफाई के मामले में बेहतरीन हैं भारत के ये हिल स्टेशन, जून के महीने में यहां लें घूमने का मजा

YATRA

**जब किसी पहाड़ी जगह पर घूमने की बात आती है, तो अक्सर लोगों के मन में शिमला, नैनीताल जैसी जगहों का नाम ध्यान में आता है। यहां बता रहे हैं भारत के साफ-सुथरे हिल स्टेशन-**







• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

वैसे तो घूमने फिरने की खूब जगह हैं, गर्मी के मौसम में अगर आप घूमने के लिए किसी ठंडी जगह पर जाने की प्लानिंग कर रहे हैं तो आपको कुछ ऐसी जगहों पर जाना चाहिए जो बेहद साफ सुथरी हों। शिमला-नैनीताल जैसी जगहों पर तो आप कभी ना कभी गए होंगे। यहां हम बता रहे हैं उन हिल स्टेशन्स के बारे में जो बेहद साफ हैं। जून के महीने में आप इन जगहों पर जा सकते हैं।

### कौसानी, उत्तराखंड

अल्मोड़ा से 51 किलोमीटर दूर उत्तराखंड के बागेश्वर जिले में स्थित कौसानी एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। सर्दी के मौसम में कौसानी शहर सफेद बर्फ से ढक जाता है। यहां के सूर्यास्त का नजारा आपका मूड फ्रेश कर देगा। इसके अलावा आप कैलाश ट्रेक, बेस कौसानी ट्रेक और बागेश्वर-सुंदरधुंडा ट्रैक बहुत फेमस हैं।

### कुन्नूर, तमिलनाडु

कुन्नूर पश्चिमी घाट का दूसरा बड़ा हिल स्टेशन है। ये ऊटी से सिर्फ 19 किलोमीटर दूर है। ये जगह नीलगिरि पहाड़ियों और कैथरीन वाटरफॉल के शानदार नजारों के लिए जाना जाता है। चाय के बागानों के साथ ये जगह सुंदर पहाड़ियों, संस्कृति और अद्भुत नजारों से स्वर्ग जैसी दिखती है।

### इडुक्की, केरल

ये जगह जंगलों से घिरी है। इडुक्की को वाइल्ड लाइफ, खूबसूरत बंगलों, चाय कारखानों, रबर के बागानों और जंगलों के लिए जानी जाती है। यहां 650 फीट लंबा और 550 फीट ऊंचा मेहराबदार बांध है, जो देश के सबसे बड़े बांध के रूप में फेमस है।

### तवांग, अरुणाचल प्रदेश

इस खूबसूरत शहर को दवांग के नाम से भी जाना जाता है। यहां का तवांग मठ सबसे ज्यादा फेमस है। ये एक ऐसी जगह है जो अध्यात्म के लिए जानी जाती है और यहां की प्राकृतिक खूबसूरती इस जगह पर चार-चांद लगा देती है।

FASHION+

# गर्मियों में दिखना है स्टाइलिश तो लिनेन साड़ियां हैं बेस्ट, आलिया भट्ट के लुक्स से लें टिप्स

**गर्मियों में साड़ी पहनकर रेडी होना है तो आलिया भट्ट की इन साड़ी लुक को देख इंस्पिरेशन ले सकती हैं। साथ ही साड़ी का ये फैब्रिक कंफर्टेबल होगा और ड्रैप करने में आसान लगेगा...**



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

गर्मियों के बढ़ते तापमान में अगर कोई आपसे साड़ी पहनकर रेडी होने के लिए कह दें। जरूर ही आप सोचेंगी कि अब 6 मीटर लंबी साड़ी पहनने का झंझट कौन पाले। लेकिन आलिया भट्ट के इन लुक्स को देखने के बाद आप खुद ब खुद साड़ी पहनकर रेडी होना चाहेंगी। वैसे भी साड़ी वर्सेटाइल ड्रेस है। जिसे आप किसी भी मौके पर पहन सकती हैं। बस जरूरत है साड़ी के फैब्रिक और वर्क का ध्यान रखने की। अगर आपको गर्मियों में साड़ी पहनकर रेडी होना है तो लिनेन या कॉटन की साड़ियां बेस्ट हैं। इन साड़ियों की ये खासियत जान आप भी इसे पहनना पसंद करेंगी।

**कंफर्टेबल**_लिनेन और कॉटन की साड़ियां गर्मियों में बॉडी को कूल बनाती हैं। इसके साथ ही इनका फैब्रिक इतना सॉफ्ट होता है कि आसानी से कैरी किया जा सकता है। तो अब आप लिनने की साड़ियों के साथ बिल्कुल ग्रेसफुल अंदाज में रेडी हो सकती हैं।

**स्टाइलिश प्रिंट**_आजकल डिजाइनर साड़ियां भी कॉटन और लिनेन फैब्रिक में आसानी से मिल जाती हैं। जिसमे खूबसूरत प्रिंट और डिजाइन होते हैं। इनसे आपको परफेक्ट और स्टाइलिश लुक मिलेगा।

**ड्रैप करना है आसान**_ बिल्कुल सॉफ्ट और लाइटवेट फैब्रिक होने की वजह से लिनेन और कॉटन की साड़ियों को ड्रैप करना काफी आसान होता है। इसके साथ ही ये काफी आसानी से कैरी की जा सकती है। फिर चाहे आप ओपन पल्ला में साड़ी ड्रैप किए हों या फिर प्लीट्स में।

**आलिया भट्ट के लुक्स से लें टिप्स**_ आलिया भट्ट की ये व्हाइट प्रिंटेड साड़ियां समर सीजन में रेडी होने के लिए बिल्कुल परफेक्ट हैं। वेडिंग पार्टी से लेकर कैजुअल पार्टी में आप इस तरह की व्हाइट प्रिंटेड और बॉर्डर वाली साड़ियों को अलग तरीके से स्टाइल कर रेडी हो सकती हैं।



# कभी घर में बनाया है मोजरेला चीज? इस रेसिपी से घर में करें ट्राई

**मोजरेला चीज का स्वाद लाजवाब लगता है। तभी तो बच्चे हो या बड़े पिज्जा, बर्गर, सैंडविच में डालकर इसे खाना पसंद करते हैं। आप चाहें तो इसे घर में ही आसान सी रेसिपी से बना सकती हैं...**




• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

पिज्जा हो या सैंडविच, बर्गर हो या फिर पोटैटो बॉल्स चीज के बगैर इन सारे स्नैक्स का स्वाद अधूरा लगता है। बच्चों को चीज तो इतना पसंद होती है कि अब तो मां परांठे भी चीज भरकर बनाती हैं। तो अगर आपके बच्चे भी चीज के इतने ही प्रेमी है तो हर बार बाजार से चीज क्यों खरीदकर लाना। इस बार आप मोजरेला चीज को घर में बनाकर ट्राई कर सकती हैं। इसे बनाना बहुत मुश्किल नही है। बस थोडी सी मेहनत से और केवल दो सामग्री से मोजरेला चीज को तैयार किया जा सकता है। तो चलिए जानें कैसे घर में बनाएं मोजरेला चीज।

### मोजरेला चीज बनाने की सामग्री

- 3 लीटर दूध
- 1 कप विनेगर
- 25 ग्राम नमक

### मोजरेला चीज बनाने का तरीका

- 3 लीटर दूध को किसी गहरे बर्तन में डालकर उबाल लें। उबालकर दूध को किनारे ठंडा होने के लिए रख दें।
- जब दूध हल्का गुनगुना रह जाए तो इसमे विनेगर मिलाएं और करीब आधे घंटे के लिए छोड़ दें।
- आधे घंटे बाद चेक कर लें कि दूध अच्छी तरह से फटकर पानी छोड़ चुका है कि नहीं।
- फट चुके दूध को किसी मलमल के कपड़े की मदद से छान लें।
- पानी को अलग कर लें और फटे दूध को अलग रख लें।
- अब फटे दूध के पानी को नमक मिलाकर उबालें।
- पानी से अलग हुए चीज को किसी प्लेन सतह पर रखकर हाथों की मदद से स्ट्रेच करें और मिक्स करें। इसी तरह के करीब दस मिनट तक करते रहें।
- फिर इसे नमक मिले उबले पानी में चीज को स्ट्रेनर में रखकर डुबोएं। अगर स्ट्रेनर नहीं है तो कपड़े में लपेटकर डुबोएं।
- ऐसा करीब चार से पांच बार करें। और चीज को बाहर निकालकर छोटे बॉल्स बना लें। इसे फ्रिज में चिल कर लें और तैयार है आपका मोजरेला चीज।
- इसे पिज्जा, सैंडविच या सलाद पर डालकर एंज्वॉय करें।

# अपने फूल से बच्चे को दें ये प्यारे नाम, लिस्ट में देखें ये खूबसूरत नेम

PARENTING

**फूलों को देखकर मन खुशी और प्यार से भर जाता है। इनकी खुशबू भी काफी रिफ्रेशिंग होती है। अगर आप अपने फूल जैसे बच्चे को प्यारा नाम देना चाहते हैं तो देखिए बेबी नेम लिस्ट-**



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

फूलों का नाम आते ही सबसे पहले गुलाब का नाम ध्यान में आता है। प्यार की निशानी गुलाब के अलावा भी कई बेहद खूबसूरत फूल हैं। फूलों को देखकर मन खुश हो जाता है। अगर आप बच्चों के नाम ढूंढ रहे हैं, और किसी युनिक नाम की तलाश कर रहे हैं तो हम यहां लेकर आए हैं फूलों से जुड़े बच्चों के नाम। तो देखिए बेबी नेम लिस्ट-

### फूलों से जुड़े लड़कों के नाम

अम्बुज- कमल
अंकुर- फूल की कली
अरमान- अमरनाथ फूल का नाम
अरविंद- कमल
अर्नित- सुंदर फूल
गुलशन- फूलों का बगीचा
कायरव- सफेद कमल
कमल- कमल
कमलेश- कमल का भगवान
केतक- फूल
शिराज- चांद
कुणाल- कमल
नालेश- फूलों का राजा
प्रसून- फूल
पुष्कर- नीला कमल
राजीव- कमल
शिरीश- फूल
उद्धय- नीला कमल

### फूलों से जुड़े लड़कियों के नाम

अयाना- सुंदर फूल
डेजी- एक तरह का सफेद फूल
जोशिका- फूलों की कली
जूही- जैस्मिन
कासनी- फूल
करीना- फूल
केतकी- फूल
केया- फूल
मल्ली- फूल
मृणाली- कमल
नीलोफर- वॉटर लिली
पाही- फूलों की पंखुड़ियां
परिजा- फूल
पारुल- फूल का नाम
प्राजकता- खिलता हुआ फूल
सुमायरा- फूल
युथिका- जैस्मिन

# किडनी और हृदय स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद हैं सूरजमुखी के फूलों के बीज

HEALTH CARE

**दिखने में सुंदर और खूबसूरत फूलों में गिने जाने वाले सूरजमुखी फूल के बीज के गजब फायदे हैं। इन बीजों का सेवन दिल की समस्याओं से बचाने के साथ ही शुगर और कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल करने में मददगार है।**



• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

सूरजमुखी के बीजों में एंटीऑक्सीडेंट, एंटीइंफ्लेमेटरी व चोट को सही करने के गुण होते हैं। इसमें फ्लेवोनॉइड, पॉलीसेचुरेटेड फैटी एसिड और विटामिन शरीर को हार्ट, शुगर, कैंसर सहित कई बीमारियों से बचाते हैं, चलिए आज जानते हैं इसके लाभ।

**दिल की समस्या में राहत**- हाई ब्लड प्रेशर दिल की समस्या को बढ़ा सकता है। सनफ्लावर के बीज एक योगिक एंजाइम को रोकते हैं, जिससे ब्लड सेल्स सिकुड़ जाती हैं। एक शोध के अनुसार 30 ग्राम बीजप्रतिरोज खाने से रक्तचार में 5 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई।

**मधुमेह से राहत दिलाए**- ब्लड शुगर और टाइप 2 शुगर पर अध्यन के दौरान पाया गया कि जो लोग 30 ग्राम सनफ्लावर बीच हर रोज खाते हैं। वह 10 प्रतिशत तक फास्टिंग ब्लड शुगर कम कर सकते हैं।

**किडनी की समस्या में राहत**- सूरजमुखी के बीज का सेवन करने से कैडमियम को कम किया जा सकता है। डब्लूएचओ की सलाह है की एक एडल्ट को 490 माइक्रोग्राम बीज हर सप्ताह सेवन करना चाहिए।

**स्टूल ब्लॉकेज**- सनफ्लावर के बीज अधिक मात्रा में सेवन करने से बच्चों और बड़ों का स्टूल ब्लॉकेज की समस्या में आराम मिलता है। एक शोध के अनुसार प्रतिदिन सेवन करने वाले 45 प्रतिशत लोगों को एबडॉमिनल पेन में आराम मिला है।

**बीमारी रोकने में मददगार**- 2017 में जर्नल न्यूट्रिएंट्स में प्रकाशित समीक्षा में एक दर्जन से अधिक विटामिन और खनिजों का अच्छा श्रोत है सनफ्लावर सीड्स। जिसमें जिंक और सेलेनियम बीमारीसे बचाव दिलाने में कारगर है।

*नोट : इस खबर में बताए गए सुझाव सामान्य जानकारी पर आधारित हैं। इसलिए किसी भी उपचार/दवा/डाइट को अमल करने से पहले डाक्टर या संबंधित एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।*

रोजगार मेला

### प्रधानमंत्री ने 'अमृत काल' के दौरान सरकार में शामिल होने वाले नए रंगरूटों को बधाई दी

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले के तहत 71,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़/हिमाचल




वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले का आयोजन पोस्टग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स, सेक्टर 42, चंडीगढ़ में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण पाल, माननीय राज्य ऊर्जा और भारी उद्योग मंत्री थे। रोज़गार मेला कार्यक्रमों की 6वीं श्रृंखला का आज देश भर में 43 स्थानों पर आयोजन किया गया, जिसे पीएम द्वारा वर्चुअल रूप से लॉन्च किया गया, जहां उन्होंने युवाओं को संबोधित किया और लाइव प्रसारण के माध्यम से सभी नवनियुक्त व्यक्तियों को बधाई दी। रोज़गार मेला, रोजगार के अवसरों को प्राथमिकता देने के लिए प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए समर्पित एक कार्यक्रम है, जिसमें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सरकारी विभागों और संगठनों में नए भर्ती किए गए लगभग 71,000 नियुक्ति पत्र नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस पहल से युवाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्र के विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी को सक्षम बनाने के लिए आगे रोजगार सृजन में एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री ने 2023 में आयोजित रोजगार मेला के तहत नवनियुक्त कर्मचारियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इससे न केवल नियुक्त लोगों बल्कि देश भर के करोड़ों परिवारों में उम्मीद की नई किरण आएगी. इसके अलावा, उन्होंने एनडीए शासित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रोज़गार मेलों के नियमित आयोजन पर ज़ोर देकर रोज़गार सृजन के प्रति सरकार के समर्पण पर प्रकाश डाला, यह सुनिश्चित करते हुए कि आने वाले दिनों में और अधिक परिवारों को सरकारी नौकरियों में नियुक्त किया जाएगा। प

रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि बार-बार होने वाले रोजगार मेले वर्तमान सरकार की एक विशिष्ट विशेषता बन गए हैं, जो 10 लाख सरकारी नौकरियां प्रदान करने के अपने संकल्प को साकार करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नियुक्ति पत्रों के वितरण के अलावा, प्रधान मंत्री ने iGOT कर्मयोगी मंच पर ध्यान आकर्षित किया, जहां सरकारी कर्मचारी अपने आधिकारिक प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के साथ-साथ व्यक्तिगत विकास के लिए ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में लगे हुए हैं। उन्होंने प्रौद्योगिकी के माध्यम से स्व-शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और विश्वास व्यक्त किया कि यह वर्तमान पीढ़ी के लिए एक मूल्यवान अवसर प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर बोलते हुए, माननीय राज्य विद्युत और भारी उद्योग मंत्री कृष्ण पाल ने सभा को संबोधित किया और नव चयनित रंगरूटों को व्यक्तिगत रूप से नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र वास्तव में एक वैश्विक नेता के दाहिने हाथ में है और देश आने वाले वर्षों में एक अभूतपूर्व विकास देखने जा रहा है, जहां नई भर्तियां भारत को एक उज्ज्वल और आशाजनक भविष्य की ओर आगे बढ़ाने में एक बहुत ही निर्णायक भूमिका निभाएंगी।

रोजगार सृजन और युवाओं के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने के प्रति उसके समर्पण को दर्शाती है। रोज़गार मेले के माध्यम से नियुक्ति पत्रों का वितरण व्यक्तियों को सशक्त बनाने, संस्थानों को मजबूत करने और भारत के लिए एक समृद्ध भविष्य बनाने के सरकार के संकल्प के प्रमाण के रूप में कार्य करता है।

# सभी के लिए किफायती स्वास्थ्य सेवा

• **जालंधर ब्रीज.** गुरुग्राम

स्वास्थ्य वास्तव में एक आवश्यक स्तंभ है। यह वाक्य यह रेखांकित करता है कि अगले 25 वर्षों में भारत की विकास यात्रा पर विचार करें तो सरकार और निजी स्वास्थ्य सेवा के दिग्गजों को किस विषय पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जिससेदुनिया का सर्वाधिक जनसंख्या वालादेश भारत,विश्व के सबसे समृद्ध देश के रूप में प्रतिस्थापित हो सकोदेश में रोग और मृत्यु दर में कमीलाई जा सके और 1.43 बिलियन लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए




गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध कराई जा सकें।

किसी व्यक्ति के अच्छे स्वास्थ्य, धनोपार्जन की क्षमता और देश की आर्थिक समृद्धि के बीच संबंधकोनकार नहीं सकते है। भारत,समान विकास पर आधारित 25 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए कार्यशील है,बदलती जनसांख्यिकी, जीवन शैली, बदलते वायरस, कोविड-19 जैसी महामारियों और जलवायु संकट से उत्पन्न स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए उसे एक बहु-आयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा। भारत कोस्वास्थ्य के क्षेत्र की पारंपरिकचुनौतियों जैसे अंतर-राज्य और शहरी-ग्रामीणअसमानताओं, रोगियों की तुलना में स्वास्थ्य कर्मियों की कमी और टियर-1, 2 और 3 शहरों में अस्पताल सेवाओं में कमी के अंतराल से निपटने के तरीके भी तलाशने होंगे। इस संदर्भ में, सस्ती स्वास्थ्य सेवा तक सभी की पहुंच बना कर,भारत प्रतिष्ठा के एक नए आयाम तक पहुंच सकता है। इस दिशा में, भारत ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के अंतर्गत नई योजनाओं के साथ स्वास्थ्य सेवा और उपलब्धता सुधारने में काफी प्रगति की है। सरकार ने डिजिटल स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी पर विशेष ध्यान देने और उसे बढ़ावा देने के उद्देश्य से और स्वास्थ्य सेवाओं को कोने कोने तक ले जाने के उद्देश्य से इनयोजनाओं का शुभारंभ किया गया है।

उदाहरण के लिए, 1.5 लाख से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और वैलनेस केंद्रों की स्थापना की गई है और700 से अधिक जिलों में9,000 से अधिक जन औषधि केंद्रों का एक नेटवर्क तैयार किया गया है जिनमें गुणवत्ता पूर्ण जेनेरिक दवाएं रखी गई हैं। लेकिन सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवाओं की कवरेज सुनिश्चित करने की दिशा में सर्वाधिक महत्वपूर्ण पहल आयुष्मान भारत पीएम-जन आरोग्य योजना हैाइसमें भारत के सर्वाधिक 40 प्रतिशत गरीब लोगोंसहित लगभग 55 करोड़ लोगों कोप्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये की राशि अस्पताल के खर्च को पूरा करने के लिए दी जाती है। निजी क्षेत्र द्वारा समर्थित, यह योजना सुनिश्चित करती है कि अत्याधुनिकउपचार की जरूरत वाले रोगी इससे लाभान्वित हो सकें।

भले ही हमने कोविड-19 महामारी से निजात पाई हो लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं के अतिरिक्त बोझ काडर हमें परेशान करता रहेगा। लंबे समय तक कोविड की स्थिति, गैर-संचारी रोगों में वृद्धि, उपचार में देरी और कोविड के कारण बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति - ये सभी कारक निकट भविष्य में आर्थिक बोझ का कारण बनने की संभावना रखते हैं। यह विशेष रूप से चिंताजनक है क्योंकि हमारी आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी गांवों में रहता है, जहां प्राथमिक और माध्यमिक स्वास्थ्य केंद्रों के नेटवर्क, मेडिकल कॉलेजों और उनकी सीटों में वृद्धि के बावजूद, डॉक्टर और रोगी के बीच काअनुपात पर अभी काम चल रहा है।

भारत में डिजिटल नवाचार - महामारी की शुरुआत से बहुत पहले से ही स्वास्थ्य सेवाओं में मददगार रहे हैं। सरकार के टेलीमेडिसिन ऐपई-संजीवनी ने विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श करने की दूरी को समाप्त कर दिया है और शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाट दिया है। अपने लॉन्च



**डॉ. नरेश त्रेहन**
(अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, मेदांताहार्ट इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम)

के तीन साल से भी कम समय में, इसने 10 करोड़ से अधिक लोगों की मदद की है। निजी क्षेत्र ने भी अंतिम छोर की खाई को पाटने और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को मिटाने के लिए कई पहल की हैं। टेलीमेडिसिन के अतिरिक्त, इसका उपयोग दूर-दराज के क्षेत्रों में रोगियों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श उपलब्ध कराने और उनके उपचार की देखरेख करने में किया जा रहा है। बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं ने दूरस्थ महत्वपूर्ण देखभाल सेवाएं (ई-आईसीयू) भी शुरू की हैं।

नेशनल हेल्थ स्टैक और नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन जैसी सरकारी पहलों ने एक एकीकृत और निर्बाध स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली के विकास के लिए मजबूत नींव बनाई है जो तृतीयक देखभाल प्रदाताओं को प्रभावी, कुशल और व्यक्तिगत स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में मदद करती है। स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं की बढ़ती संख्या और डिजिटल स्वास्थ्य प्रणाली को सक्रिय रूप से अपनाने के साथ, वंचित और हाशिए वाले समुदायों के बीच कम लागत पर स्वास्थ्य देखभाल उपलब्धता और गुणवत्ता में असमानताओं को कम कर रहे हैं। ये रोग की रोकथाम और प्रारंभिक लक्षणों को पहचाने में सक्षम हैं। यह उपकरण बीमारी के दीर्घकालिक बोझ और लागत को कम करने में मदद कर सकते हैंऔर आबादी के समग्र कल्याण में बेहतर योगदान दे सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, डिजिटल स्वास्थ्य समाधान बड़े पैमाने पर डेटा संग्रह और विश्लेषण करने में मददगार हो सकते हैं, जिससे यह जन स्वास्थ्य उपायों और नीतियों के बारे में जानकारी उपलब्ध करा सकते हैंायह सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को रोग नियंत्रण, प्रकोप प्रबंधन और स्वास्थ्य संवर्धन के लिए साक्ष्य-आधारित रणनीतियों को विकसित करने में सक्षम बना सकते हैं। उदाहरण के लिए, इनसे रोगों की स्थिति पर नज़र रखने में मदद मिल सकती है, जिससेउभरते स्वास्थ्य जोखिमों की पहचान में सहायता और उचित तकनीकविकसित करने में मदद मिल सकती है। सरकारी कार्यक्रमऔरनिजी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की संलग्नता और डिजिटल स्वास्थ्य समाधान मिलकर सबके लिए सस्ती स्वास्थ्य देखभाल को पुनर्परिभाषित करते हैं ताकि एक समन्वित प्रणाली प्रस्तुत कर सके। इससे न केवल सफलता तक पहुंच सुनिश्चित होती है बल्कि उपचार की लागत मेंभी कमी होती है और रोग नियंत्रण में सक्रिय योगदान मिलता है।

# भारत 2047 से पहले विकसित राष्ट्र बन सकता है – हरदीप पुरी

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़




केंद्रीय पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा आवास व शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत की वर्तमान आर्थिक विकास दर को देखते हुए लक्ष्य वर्ष 2047 से पहले ही देश एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा।

उन्होंने कहा कि भारत जोकि वर्ष 2014 में दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, अब 3.8 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ 5वां स्थान प्राप्त कर चुका है। केंद्रीय मंत्री ने आगे बताते हुए कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में हमारी अर्थव्यवस्था में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और अगर विकास दर का बढ़ना इसी प्रकार से जारी रहा तो यह कोई बड़ी बात नहीं होगी कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से थोड़े ही समय में चौथी या तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए हमारे विभिन्न क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यह एक ऐसे देश का संकेत है जो न केवल परिपक्व हुआ है बल्कि मुझे विश्वास है कि 2047 से पहले एक विकसित देश बन जाएगा।

हरदीप सिंह पुरी आज कपूरथला में पुष्पा गुजराल साईस सिटी में आयोजित रोजगार मेले के दौरान सरकारी क्षेत्र में 25 महिलाओं सहित 151 नव नियुक्तों को नियुक्ति पत्र सौंपने के लिए आए थे। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से 25 नए नियुक्तों को नियुक्ति पत्र सौंपे तथा सभी को राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

ऐसे मेलों की श्रृंखला में यह छठा रोजगार मेला था जिसमें देश में अब तक लगभग 4 लाख नियुक्ति पत्र नए नियुक्तों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दिए जा चुके हैं, जोकि एक साल में 10 लाख सरकारी नौकरी देने का नरेंद्र मोदी के संकल्प की पूर्ति की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। आज, पूरे भारत में नए नियुक्त किए गए व्यक्तियों को 70,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

यहां नव नियुक्त व्यक्तियों को शुभकामनाएं देते हुए हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि अमृतकाल के वास्तविक लाभार्थी वे होंगे जो अभी नौकरी के क्षेत्र में प्रवेश प्राप्त कर रहे हैं। युवाओं द्वारा शुरू किए गए स्टार्ट - अप के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि युवा न केवल नौकरी पाने के लिए बल्कि नौकरी देने के लिए सक्षम होने के लिए भी नौकरी बाजार में प्रवेश कर रहे हैं, जो एक बहुत ही सकारात्मक संकेत है।

उन्होंने इस दौरान भारत सरकार की विभिन्न वित्तीय समावेशन योजनाओं के बारे में भी बताया जो देश के आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में अच्छी भूमिका निभा रही हैाइस दौरान जिलाधीश कैप्टन करनैल सिंह , डीएफएस के संयुक्त निदेशक -राघव भट्ट, पीएनबी के जोनल मैनेजर- परवीन गोयल जी पंजाब ग्रामीण बैंक के चेयरमैन जी के नेगी, पीएनबी सर्कल हैड - हरिंदर पाल सिंह चावला भी उपस्थित रहे ।

# 'रोजगार मेला' योग्यता और पारदर्शिता पर आधारित सरकारी भर्तियों को संस्थागत बनाता है

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

भावी इतिहासकार इस तथ्य को दर्ज करेंगे कि प्रधानमंत्री के रूप में पिछले नौ वर्षों के दौरान श्री नरेन्द्र मोदी ने जहां नियमित रूप से रोजगार मेला आयोजित करने की परिपाटी शुरू करके और भर्तियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से साक्षात्कार को समाप्त करने जैसे सुधार लाकर सरकारी भर्ती प्रक्रिया को संस्थागत बनाने का प्रयास किया, वहीं दूसरी ओर उन्होंने 'स्टार्टअप आंदोलन' को बढ़ावा देकर देश को सरकार से इतर रोजगार के वैकल्पिक साधनों के प्रति जागरूक किया, जिसके परिणामस्वरूप इस देश में स्टार्टअप की संख्या 300 गुना बढ़कर लगभग एक लाख हो गई। इनमें यूनिकॉर्न की संख्या 100 से अधिक है और भारत दुनिया के स्टार्टअप इकोसिस्टम में तीसरे स्थान पर है।


इसके साथ ही, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, सरकार में या उसके बाहर नया पेशा अपनाने वाले युवाओं को 2047 में भारत @ 100 की पृष्ठभूमि में अगले 25 वर्षों के अमृतकाल के दौरान उनके द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में याद दिलाने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं।

रोजगार मेला देश में रोजगार सृजन के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की वचनबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। इन रोजगार मेलों से रोजगार सृजन की प्रक्रिया में एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने और युवाओं को उनके सशक्तिकरण तथा राष्ट्रीय विकास में सीधी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने की उम्मीद की जाती है।

22 अक्टूबर 2022 को उद्घाटन के बाद से, इन रोजगार मेलों का आयोजन पूरे देश में छह किस्तों में किया गया है। इसके परिणामस्वरूप योग्य उम्मीदवारों को 4.25 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं। 13 जून 2023 को देशभर के 43 अलग-अलग स्थलों पर रोजगार मेला की छठी क़िस्त का आयोजन किया गया।

इन पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) एवं अन्य सम्मानित भर्ती एजेंसियों द्वारा पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रक्रियाओं के जरिए संचालित की जाती है। देश भर की विविध प्रतिभाओं के खजाने का प्रतिनिधित्व करने वाले नए भर्ती किए गए उम्मीदवार वित्तीय सेवा, डाक, स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, राजस्व, आण्विक ऊर्जा, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और रेल मंत्रालय सहित विभिन्न सरकारी विभागों में और पदों पर योगदान देंगे।

प्रधानमंत्री ने सरकारी कर्मचारियों के कौशल को और बेहतर करने तथा एक लोक सेवक को अपनी भूमिका की जरूरतों के अनुरूप खुद को उन्नत कर सकने की सुविधा प्रदान करने वाली प्रशिक्षण संरचना का एक इकोसिस्टम प्रदान करने के लिए



**डॉ. जितेन्द्र सिंह**
(विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री और कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री)

'मिशन कर्मयोगी' नाम की पहल शुरू की थी। यह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विभिन्न उपकरणों पर सुलभ कई ई-लर्निंग पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जिससे उम्मीदवारों के लिए सीखने में आसानी होती है। विभिन्न सरकारी विभागों के पांच लाख से अधिक कर्मयोगी पहले ही क्षमता निर्माण से संबंधित इस पोर्टल पर नामांकित हैं। भर्ती हुए नए उम्मीदवारों की जरूरतों और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, माननीय प्रधानमंत्री ने हाल ही में igotkarmayogi पोर्टल पर 'कर्मयोगी प्रारंभ' नाम के एक ऑनलाइन मॉड्यूल का शुभारंभ किया है, जहां 'कहीं भी किसी भी उपकरण पर' सीखने के तरीके के लिए 400 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रेरणा को समझना, यौन उत्पीड़न की रोकथाम, सरकारी कर्मचारियों के लिए आचार संहिता, स्व-नेतृत्व, प्रभावी संचार, तनाव प्रबंधन जैसे आवश्यक विषयों के साथ-साथ माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल और वर्ड से संबंधित शुरुआती पाठ्यक्रम का समावेश किया गया है। सरकार का उद्देश्य कार्यबल को इन महत्वपूर्ण कौशलों से लैस करके उन्हें सशक्त बनाते हुए व्यक्तिगत एवं संगठनात्मक प्रभावशीलता और उत्कृष्टता एवं नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

सफल रोजगार मेला और 'कर्मयोगी प्रारंभ' पहल के अलावा, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने सुव्यवस्था एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कई सुधार किए हैं। इन उल्लेखनीय सुधारों में समूह सी और समूह डी स्तर के पदों के लिए साक्षात्कार को समाप्त करना, दक्षता में सुधार के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा व्यवस्था को अपनाना और स्व-सत्यापन की शुरुआत शामिल है।

कमजोर वर्गों के कल्याण के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता पूर्व सैनिकों को आरक्षण का लाभ उठाने के कई अवसर प्रदान करने और मानक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षण प्रावधानों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने जैसी पहलों के जरिए स्पष्ट होती है।

सरकार जहां रोजगार मेले के जरिए सार्वजनिक क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के अपने प्रयासों को जारी रखे हुए है, वहीं वह निजी क्षेत्र में रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने में भी पूरी सक्रियता के साथ जुटी हुई है। पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान, राष्ट्रीय राजमार्गों एवं हवाई अड्डों का विस्तार, मेट्रो रेल नेटवर्क एवं जलमार्गों का विकास, स्टार्टअप को प्रोत्साहन, ग्रामीण सड़क संपर्क, नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता और 'मेक इन इंडिया' एवं 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत घरेलू मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देने जैसी पहलें रोजगार के अवसरों के सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान जहां बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए तैयार किया गया है, वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क एवं औद्योगिक गलियारों के विस्तार से रोजगार की असीम संभावनाएं पैदा होने की उम्मीद है। हवाई अड्डों और मेट्रो रेल नेटवर्क की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और जलमार्गों के विकास, स्टार्ट-अप के विकास, ग्रामीण सड़क संपर्क, नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता और डिजिटलीकरण से जुड़े प्रयासों ने रोजगार के अवसरों को और बढ़ाया है।

समकालीन भारत में युवाशक्ति जैसी परिसंपत्ति का भरपूर लाभ उठाने के प्रति श्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता उनकी प्रत्येक क्रमिक पहल में झलकती है।

# सीएम मान पर सुखबीर बादल की अभद्र टिप्पणी की 'आप' ने की निंदा, कहा - ये बौखलाहट का सबूत

*आम घरों के लोगों का मंत्री-मुख्यमंत्री बनना सुखबीर बादल और प्रताप बाजवा जैसे लोगों से पच नहीं रहा : मलविंदर सिंह कंग*

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



मुख्यमंत्री भगवंत मान पर अकाली दल के प्रधान सुखबीर बादल की अभद्र टिप्पणी को आम आदमी पार्टी ने सख्त निंदा की है। पार्टी ने उनके बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि ये बातें उनकी बौखलाहट का सबूत है। वीरवार को एक वीडियो जारी कर 'आप' पंजाब के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने सुखबीर बादल पर पलटवार करते हुए कहा कि इन लोगों ने सत्ता में रहते हुए जनता के टैक्स के पैसे से अपनी अरबों-खरबों की संपत्ति बनाई। अब मुख्यमंत्री भगवंत मान की ईमानदार राजनीति के कारण इन लोगों की सत्ता की दुकान अब बंद हो गई है। इसलिए येलोग घबराहट में ऐसी अमर्यादित बातें बोल रहे हैं।

अपने वीडियो में कंग ने विरोधी दल के नेता प्रताप सिंह बाजवा पर भी निशाना साधा और कहा कि कुछ दिन प्रताप बाजवा ने भी आम आदमी पार्टी के दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले विधायक को मोबाइल चार्जर वाला बोलकर उपहास उड़ाया था और अब गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की उपस्थिति में सुखबीर बादल ने तीन करोड़ लोगों द्वारा चुने गए मुख्यमंत्री भगवंत मान के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। यह बेहद निंदनीय है।

दरअसल ये धनाढ्य और सामंतवादी राजनीतिक परिवार राजगद्दी को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानता है। एक साधारण किसान परिवार से आने वाले व शिक्षक के पुत्र का मुख्यमंत्री बन जाना इनसे हजम नहीं हो पा रहा है। आम घरों के लोगों के सत्ता में आने के बाद येलोग घोर हताशा और गुस्से में अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं।

कंग ने कांग्रेस और अकाली दल पर हमला बोलते हुए कहा कि जिन लोगों ने दरबार साहिब पर हमले करवाए और जिन्होंने निहत्थे सिख संगतों पर गोलियां चलवाई, आज सारे अपनी राजनीति की दुकान बचाने के लिए एक मंच पर आ गए हैं। लेकिन इन लोगों को पंजाब की जनता ने नकार दिया है और आगे भी इनका यही हाल होने वाला है।

## पूर्व भर्ती ट्रेनिंग का अगला कैडर 3 जुलाई से

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

सेना, अर्धसैनिक और पुलिस बलों की भर्ती की तैयारी के लिए योग्य उम्मीदवारों के लिए जिला रक्षा सेवाएं भलाई दफ्तर, शास्त्री मार्केट, जालंधर में पूर्व भर्ती प्रशिक्षण का अगला कैडर 3 जुलाई 2023 से जिला शुरू हो रहा है। कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि जो पुरुष उम्मीदवार भर्ती की ट्रेनिंग लेना चाहते है, वे अपनी प्रारंभिक जांच और स्क्रीनिंग के लिए रिपोर्ट कर सकते है। प्रशिक्षण लेने के इच्छुक उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेजों की मूल और फोटोकॉपी साथ लाएं। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नं. 73409-82774 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# 700 छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले एजेंटों के विरुद्ध सरकार की चुप्पी शर्मनाक : जीवन गुप्ता

*कनाडा से उनका निष्कासन रुकवाने पर जीवन गुप्ता ने विदेश मंत्री का किया धन्यवाद*

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर



भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश महासचिव जीवन गुप्ता ने कनाडा सरकार द्वारा लगभग 700 छात्रों को डिपोर्ट किए जाने के मामले में हस्तक्षेप कर उनका निष्कासन रुकवाने के लिए केन्द्रीय विदेश मंत्री मंत्री एस. जयशंकर का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह केंद्र सरकार का बिलकुल सटीक समय पर उठाया गया अति सराहनीय कदम है जिसने केन्द्रीय विदेश मंत्री जयशंकर ने निजी रूप से संज्ञान लेकर विद्यार्थियों के भविष्य को अँधेरे में जाने से बचाया है। लेकिन बहुत शर्म की बात है कि पंजाब की भगवंत मान सरकार ने पढ़ाई के नाम पर धोखा देकर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले जालन्धर के इन कथित इमिग्रेशन कंपनियों व उनके एजेंटों के विरुद्ध अभी तक ना तो कोई मामला दर्ज किया और ना ही अभी तक कोई कार्यवाही की है। जीवन गुप्ता ने कहा कि यह सभी विद्यार्थी पिछले करीब चार वर्षों (2018-19 में) से वहां रह कर अपनी पढ़ाई कर रहे थे और अब जब इन्होने पीआर के लिए अप्लाई किया तो कनाडा सरकार द्वारा इनके दस्तावेजों के निरिक्षण के दौरान इनके डाक्यूमेंट्स नकली पाए गए, जिसके बाद कनाडा सरकार द्वारा इन्हें निष्काषित किए जाने का आदेश जारी किया गया है। इन छात्रों ने इमिग्रेशन और वीजा सलाहकारों के व्यवसाय और सेवाओं में शामिल होने का दावा करने वाली 'एजुकेशन माइग्रेशन सर्विसेज' नाम की कंपनी के माध्यम से स्टडी वीजा के लिए आवेदन किया था, जिसका कार्यालय जालंधर में था। इन छात्रों व उनके माता-पिता ने अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कनाडा में प्रमुख संस्थानों में बच्चों के लिए सुरक्षित प्रवेश व अन्य खर्चों के रूप में हेतु भारी भरकम राशि इस उपरोक्त कंपनी को दी।

# डीसी ने ग्रामीण विकास कार्यों को युद्धस्तर पर पूर्ण करने के दिए निर्देश



*विभिन्न योजनाओं के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की*

• **जालंधर ब्रीज.** कपूरथला

डिप्टी कमिश्नर कपूरथला कैप्टन करनैल सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं ताकि लोगों को निर्धारित समय पर उनका लाभ मिल सके। जिला प्रशासनिक परिसर के मीटिंग हॉल में डीडीपीओ, बीडीपीओ के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने पंजाब निर्माण प्रोग्राम, स्वच्छ भारत मिशन, मेरा घर मेरा मन, बसेरा प्रोग्राम, पीएम स्वैनिधि, स्मार्ट विलेज अभियान के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि वे गांवों के संपूर्ण विकास के लिए पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं के तहत चल रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर लागू करने को सुनिश्चित करें।

डिप्टी कमिश्नर ने ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग, पंचायती राज, सीवरेज बोर्ड, डरेनज विभाग के अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से मौके पर जाकर गांवों में चल रहे कार्यों का साप्ताहिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए ताकि कार्य निर्धारित समय में पूरा करने के साथ-साथ कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जन-कल्याणकारी योजनाओं के तहत कोई भी योग्य आवेदक के लाभ से वंचित न रहे।

इस अवसर पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर विकास परमजीत कौर द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट पेश की। मीटिंग दौरान अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ज) अमरप्रीत कौर संधू, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) परमजीत कौर, डी.डी.पी.ओ. हरजिन्दर सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# 'नेचर फोटोग्राफी डे' पर प्रकृति फोटोग्राफी पर प्रदर्शनी का आयोजन

• **जालंधर ब्रीज.** कपूरथला

फोटोग्राफी प्रकृति के संरक्षण और संरक्षण का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। पुष्पा गुजराल साइंस सिटी ने कुर्दिस्तान के बारे में आम जनता के बीच जागरूकता पैदा करने की आशा के साथ "नेचर फोटोग्राफी डे" पर प्रकृति फोटोग्राफी पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस प्रदर्शनी में लद्दाख क्षेत्र के प्राकृतिक नजारों को अलग-अलग तस्वीरों के जरिए दिखाया गया। इस अवसर पर बोलते हुए साइंस सिटी के निदेशक डॉ. राजेश ग्रोवर ने कहा कि लोगों को प्राकृतिक दृश्यों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए हर साल 15 जून को नेचर फोटोग्राफी डे मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के संरक्षण और संरक्षण के अध्ययन और अन्वेषण के लिए प्राकृतिक फोटोग्राफी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज का दिन आम लोगों को प्रकृति, जैविक विविधता और पर्यावरण के महत्व से अवगत कराने में बहुत मददगार है। उन्होंने कहा कि प्रकृति फोटोग्राफी हमारी पृथ्वी की सुंदरता को प्रदर्शित करने का एक शक्तिशाली साधन है।



## ट्रैफिक स्टाफ में तैनात एनजीओ के साथ की विशेष बैठक



**जालंधर ब्रीज. जालंधर :** कुलदीप सिंह चहल आईपीएस, पुलिस आयुक्त, जालंधर के निर्देशानुसार कंवलप्रीत सिंह चहल पीपीएस, एडीसीपी ट्रैफिक द्वारा ट्रैफिक स्टाफ में तैनात एनजीओ के साथ एक विशेष बैठक की गई, जिसमें सुधार के उद्देश्य से शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने, बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले और गलत ढंग से चौराहों या सड़कों पर पार्क किए वाहनों को टो करने वाली गाड़ियों का इस्तेमाल करने, बुलेट मोटरसाइकिलों के पटाखे बजाने वाले मोटरसाईकलों का तुरंत चलान करके बंद करने के आदेश गए और ड्यूटी में कोताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस सुनिश्चित करने को कहा गया।

# जालंधर मंडल के नए राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनरों के लिए प्रशिक्षण सैशन

**चुनाव से संबंधित विभिन्न विषयों पर दी विस्तृत जानकारी**

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर



भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशानुसार अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए नए राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को ट्रेनिंग देने के लिए बनाए गए कार्यक्रम अधीन जालंधर डिवीजन के नए राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को नैशनल लैवल मास्टर ट्रेनर ज्वाईंट कमिश्नर, दफ्तर डिविजनल, कमिश्नर जालंधर मंडल नवनीत कौर बल्ल व सहायक कमिश्नर स्टेट टैक्स लुधियाना-01 व राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर जगदीप सिंह सहगल ने प्रशिक्षण दिया। यहां जिला प्रशासकीय परिसर में आयोजित प्रशिक्षण सैशन के दौरान, जालंधर डिवीजन अधीन पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, तरनतारन, कपूरथला, होशियारपुर के इलावा जालंधर के नए राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को चुनाव से संबंधित विभिन्न विषयों पर नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के पहले सैशन में राष्ट्रीय स्तर की मास्टर ट्रेनर नवनीत कौर बल ने नए एस.एल.एम.टी. को आदर्श चुनाव आचार संहिता, चुनाव खर्च की निगरानी, मीडिया सर्टीफिकेशन व मानिटरिंग कमेटी व पेड न्यूज विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

इसी तरह दूसरे सैशन में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर जगदीप सिंह सहगल ने ईवीएम-वीवीपीएटी, चुनाव सामग्री, पोस्टल बैलेट/ईटीपीबीएस और मतगणना एवं निर्वाचन परिणाम घोषित करने के विषयों की विस्तार से जानकारी दी गई।

# हथियारों और हिंसा का महिमामंडन करने वाले गानों को सोशल मीडिया पर अपलोड करने पर प्रतिबंध

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

डिप्टी कमिश्नर पुलिस (ला एंड आर्डर) जालंधर अंकुर गुप्ता ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 और शस्त्र नियम, 2016 की धारा 32 अधीन शक्तियों का उपयोग करते हुए पुलिस कमिश्नरेट जांलधर के क्षेत्र में हथियारों के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। जारी आदेशों के अनुसार किसी भी व्यक्ति की तरफ से सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों, मैरिज पैलेसों/होटलों/हॉल आदि में विवाह/पार्टियों एवं अन्य सभा स्थलों पर किसी भी व्यक्ति द्वारा शस्त्र लेकर चलने एवं प्रदर्शन करने पर पूर्णतया प्रतिबंध लगा दिया गया है। आदेश में यह भी कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति जो हथियारों का प्रचार और हिंसा/लड़ाई का महिमामंडन करने वाले गाने गाता है और हथियार लेकर फोटो आदि खींचकर या वीडियो क्लिप आदि बनाकर सोशल मीडिया/फेसबुक/व्हाट्सएप पर अपलोड नहीं करेगा, ऐसा करना सख्त मना है। इसके इलावा कोई भी व्यक्ति किसी समुदाय के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल नहीं करेगा। यह आदेश दिनांक 16.06.2023 से 15.09.2023 तक प्रभावी रहेगा।

# 31 अगस्त से शुरू होगा एशिया कप, पाकिस्तान और श्रीलंका में होंगे मैच

**एसीसी ने पाकिस्तान द्वारा सुझाए गए हाइब्रिड मॉडल को दी मंजूरी**

**नई दिल्ली.** वनडे वर्ल्ड कप से ठीक पहले आयोजित किए जाने वाले एशिया कप की तारीखों का ऐलान किया जा चुका है। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के द्वारा घोषित किए गए शेड्यूल के मुताबिक इस टूर्नामेंट की शुरुआत 31 अगस्त 2023 से होगी और खिताबी मुकाबला 17 सितंबर 2023 को खेला जाएगा।


एशिया कप की मेजबानी को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था जो कि अब समाप्त हो गया है। एशियन क्रिकेट काउंसिल ने पाकिस्तान द्वारा सुझाए गए हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दे दी है। जिसके तहत टूर्नामेंट पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों देशों में संयुक्त रुप से आयोजित किया जाएगा। जिसमें भारतीय टीम अपने सारे मैच श्रीलंका में खेलने वाली है। पाकिस्तान में टूर्नामेंट की शुरुआती चार मैच खेले जाएंगे।

वहीं एशिया कप की तारीखों का ऐलान करते हुए एशियन क्रिकेट काउंसिल ने एक प्रेस नोट जारी किया। इसमें काउंसिल ने कहा कि 'हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि एशिया कप 2023 31 अगस्त से 17 सितंबर 2023 तक आयोजित किया जाएगा और भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और नेपाल की टीमें कुल 13 रोमांचक एक दिवसीय मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल में होस्ट किया जाएगा, जिसमें चार मैच पाकिस्तान में होंगे और बाकी के नौ मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे।'




## दो ग्रुप्स में बांटी जाएंगी सभी टीमें

एशिया कप 2023 में खेलने वाली सभी टीमों को दो ग्रूप में बांटा जाएगा। इन ग्रूपों में कौन-कौन सी टीमें होगी इसका ऐलान जल्द ही किया जाएगा। दोनों ग्रूप की टॉप 2 टीमें सुपर 4 राउंड खेलेगी जिसके बाद इसमें जीत दर्ज करने वाली दो टीमों के बीच फाइनल मुकाबला 17 सितंबर 2023 को खेला जाएगा। इसका आयोजन श्रीलंका में किया जाना है। एशिया कप में इस साल कुल 13 मैच खेले जाएंगे। जिसमें से केवल चार पाकिस्तान में होंगे। बाकि 9 मैच श्रीलंका में आयोजित किए जाएंगे।




Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.